# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, राष्टीय सहारा, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 26.07.2024

### वीडीए ने 9 बीघे की अवैध प्लॉटिंग कराई ध्वस्त

#### सील तोड़कर सूर्याश हॉस्पिटल में अवैध निर्माण कराने पर केस के लिए दी तहरीर

वाराणसी। वीडीए ने बृहस्पतिवार को दो जगहों पर 9 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करवाई। इसके साथ ही चार अवैध निर्माण सील किए। सूर्याश हॉस्पिटल का सील तोड़कर अवैध निर्माण कराने पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई।

सारनाथ वार्ड के बराई में मनोरंजन पांडेय की ओर से 3 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। रामनगर में अलीनगर गोइठहां में अज्ञात की ओर से 6 बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी।

अपर सचिव गुडाकेश शर्मा की मौजूदगी में सिकरौल वार्ड में सचिन सिंह की ओर से सूर्याश हॉस्पिटल का सील तोड़कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसे दोबारा सील कर एफआईआर के लिए थाने में तहरीर दी गई। चेतगंज हबीबपुरा में अनमोल सेठ ने स्वीकृत चार तल के विपरीत पांचवें तल का अवैध निर्माण कराया। इसे सील कर दिया गया है। नगवां वार्ड के गंगोत्री विहार कालोनी लेन नंबर दो दिव्या गंगा बॉयज हॉस्टल के पास मीनू राय की ओर से 5 बिस्वा में अस्थायी निर्माण किया जा रहा था। रिंग रोड के समीप फरीदपुर में सुनील चौबे के अवैध निर्माण को सील किया गया। ब्यूरो

### रोपवे निर्माण में बाधक बन रहे भवन को वीडीए ने तोड़ा

वाराणसी। रोपवे निर्माण के चलते रथयात्रा से गुरुबाग मार्ग के एक भवन को आपसी सहमति से वीडीए ने ध्वस्त कराया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार यहां पर सड़क का विस्तार होना है। इसके लिए भवन स्वामी ने स्वेच्छा से जमीन दी थी। दरअसल यहां पर रोपवे चालू होने के बाद काफी भीड़ होगी। इसे ध्यान में रखकर यातायात में बाधक बन रहे भवन स्वामी से बातचीत की गई। वह जनहित को ध्यान में रखकर सहर्ष तैयार हो गए। इस आधार पर बाधक वाले भवन को तोड़ा गया। संवेदनशील और व्यस्त इलाके में ध्वस्तीकरण के दौरान यातायात व्यवस्था और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस मौजूद रही। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान –दि0 26.07.2024

### पांच अवैध निर्माण सील कराए

09 बीघा में बिना नक्शा स्वीकृति के हुई प्लाटिंग ध्वस्त की गई
03 भवन स्वामियों को मिला था एक राजनेता का संरक्षण

**कार्रवाई**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए प्रशासन ने बुधवार को सोनारपुरा में गुरुकृपा सोसायटी में भवन समेत पांच अवैध निर्माण सील किया। अलग-अलग क्षेत्रों में नौ बीघा में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गई। सिकरौल में एक निजी अस्पताल के खिलाफ वीडीए ने तहरीर भी दी है।

बुधवार देर शाम पहुंची वीडीए की टीम ने गुरुकृपा सोसायटी में बिना नक्शा पास कराए दो मंजिला भवन को सील किया। तीन भवन स्वामियों ने सारे नियम ताक पर रखकर निर्माण कराया था। पिछले माह वीडीए ने नोटिस जारी करते हुए कोई निर्माण न कराने का निर्देश दिया था। लेकिन एक राजनेता के संरक्षण में तीनों भवन स्वामियों ने निर्माण जारी रखा।

वहीं, सीलिंग के बाद भी निर्माण कराने वाले सिकरौल वार्ड में एक निजी अस्पताल को दोबारा सील कराया गया। वीडीए प्रशासन ने निजी अस्पताल के खिलाफ तहरीर दी है। चेतगंज वार्ड के हबीबपुरा में चार मंजिला स्वीकृत नक्शा के विपरीत भवन की पांचवीं मंजिल पर सील तोड़कर निर्माण करने पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। इस दौरान संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, जोनल अधिकारी सौरभ प्रजापति, जेई अशोक कुमार स्वामी मौजूद रहे।

अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी, जेई आलोक सिंह ने नगवां वार्ड के अन्तर्गत गंगोत्री विहार के लेन नंबर दो में पांच बिस्वा में स्टील स्ट्रक्चर पर अस्थायी निर्माण सील कराया। सारनाथ वार्ड के बराई क्षेत्र में तीन बीघा और रामनगर वार्ड के गोइठहां गांव में छह बीघा में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गई। वहीं रिंग रोड के किनारे फरीदपुर में अवैध निर्माण को सील किया गया।

- सोनारपुरा स्थित गुरुकृपा सोसाइटी में बुधवार देर शाम कार्रवाई
- सिकरौल में एक निजी अस्पताल के खिलाफ दी गई तहरीर

### वीडीए ने धवस्त किया मकान



रथयात्रा चौराहा के पास गुरुवार को पुराना मकान तोड़ती जेसीबी। • हिन्दुस्तान

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने गुरुवार को रथयात्रा चौराहे के पास एक मकान ध्वस्त कराया। रोप-वे स्टेशन के आवागमन स्थान के लिए भवन स्वामी से सहमति के आधार पर जर्जर मकान ध्वस्त किया गया। इस दौरान ट्रैफिक भी डायवर्ट की गई था। सुबह सात बजे से करीब चार घंटे तक कार्रवाई चली। रथयात्रा से गुरुबाग के बीच सड़क के दोनों तरफ करीब 25 मकान दुकान हटनी है। मास्टर प्लान 2031 के तहत इस सड़क चौड़ीकरण होना है। वीडीए ने कुछ भवन स्वामियों से इस संबंध में बातचीत की है। जल्द ही दूसरे भवन भी ध्वस्त होंगे। रथयात्रा से गिरजाघर तक रोप-वे के आवागमन के दौरान निर्धारित मानकों के पालन के लिए सड़कों की चौड़ाई भी तय कर दी गई है।

आज–दि0 26.07.2024

## सील तोड़ने पर सूर्यांश अस्पताल के संचालक पर एफआईआर दर्ज

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर अभियंताओं की टीम सिकरौल स्थित सचिन सिंह के सूर्यांश हास्पिटल के विरुद्ध कारवाई की। बताया जाता है कि भवन स्वामी ने इसके पहले किये गये सील को तोड़कर बिना समन



मानचित्र स्वीकृत किये हास्पिटल का निर्माण कर रहा था। क्षेत्रीय अवर अभियंता मौके पर पहुंचे और भवन स्वामी से मानचित्र मांगे जिसको उन्होंने देने से इनकार कर दिया। शिकायत के आधार पर हास्पिटल के मालिक के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज किया गया और भवन को पुनः सील करने के बाद थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। कारवाई में सिंह गौरव जय प्रकाश, सहायक अभियंता अम्बरीश शर्मा मौजूद थे। इसी प्रकार दूसरे ब्वायज हास्टल पर विप्रा के अभियंता मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार नगवां के एक भवन स्वामी ने पांच बिस्सा स्टिल स्ट्रक्चर पर स्थायी निर्माण करा लिया था। जिसे बंद कराने के लिये विप्रा अभियंताओं ने कारवाई प्रस्तावित की। मौके पर अभियंताओं ने भवन को सील कर दिया। कारवाई में प्रमोद तिवारी, जोनल अधिकारी, अवर अभियंता आर.के.सिंह मौजूद थे।

आज–दि0 26.07.2024

## नौ बीघा जमीन पर चली जेसीबी, एक भवन सील

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर जोन-२ में तीन बीघा अवैध प्लाटिंग में ध्वस्तीकरण की कारवाई की गयी। इसी तरह मौजा-बराई वार्ड-सारनाथ में किये गये प्लाटिंग पर अवर अभियंता मौके पर पहुंचे शिकायत की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को अभियंताओं की देखरेख में सुपरवाइजर, प्रवर्तन दल निकटतम थाने की पुलिस की मदद से जेसीबी के माध्यम से कराये गये सभी निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। इसी प्रकार मौजा-फरीदपुर में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये एक व्यक्ति निर्माण कार्य कर रहा था। मौके पर पहुंचे अभियंताओं ने पुलिस की सहायता से भवन को सील कर दिया। इसी तरह वार्ड रामनगर जिला चंदौली मौजा-गौरइया में बिना ले आऊट स्वीकृति के छह बीघा जमीन पर प्लाटिंग करायी जा रही थी। मौके पर पहुंचे जोनल प्रकाश कुमार, अवर अभियंता पीएन दुबे, सुपरवाइजर, संबंधित थाने की पुलिस और प्रवर्तन दल ने जेसीबी के माध्यम से प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 26.07.2024

### विकास प्राधिकरण वाराणसी की प्रवर्तन टीम द्वारा 03 बीघा अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण व अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड-सारनाथ,मौजा-बराई के अन्तर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत कराये मनोरंजन पाण्डेय द्वारा लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी द्य उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को आज दिनांक 25/07/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया उपरोक्त क्रम में वार्ड – सारनाथ,मौजा - फरीदपुर ( निकट रिंग रोड ) के अंतर्गत सुनील चौबे पुत्र ओम प्रकाश चौबे द्वारा लगभग 17%-0 × 55-0 में किए जा रहे अवैध निर्माण को आज दिनांक 25-07-2024 को सील किया गया । मौके पर, जोनल अधिकारी श्री संजीव कुमार, अवर अभियन्ता श्री जे0 पी0 गुप्ता एवं प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। इसी तरह वार्ड-रामनगर, थाना-अलीनगर, जिला-चन्दौली, मौजा-गौरइयां के अन्तर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत कराये अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा लगभग 06 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी द्य उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को आज दिनांक 25/07/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया । मौके पर, जोनल अधिकारी श्री प्रकाश कुमार , अवर अभियन्ता श्री पी0एन0 दूबे एवं प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे । उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 26.07.2024

### रथयात्रा में मकान में भीषण आग लगी

**अफरा-तफरी मची**

**दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, कोई हताहत नहीं**

जनसंदेश न्यूज





वाराणसी। रथयात्रा क्षेत्र स्थित भगवान दास नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में भीषण आग लग गयी। जिससे अफरा तफरी मच गई। मौके पर दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगते ही परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर निकल गये। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, आग बिल्डिंग के तीसरी मंजिल पर लगी थी। घटना को लेकर शॉट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। परिवार के लोगों ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है। घर में 5 सदस्य रहते थे। सीएफओ आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए आग पर काबू पाने के लिए दमकल के कर्मचारी जुट गये। बिल्डिंग के तीसरे मंजिल पर टीन शेड में कबाड़ का सामान रखा हुआ था। उसी में आग लगी हुई थी, उस पर काबू पा लिया गया था। प्रथम दृष्टया आग बुझाने का काम किया गया है। घटना की शुक्रवार को जांच होगी।

